## Headline

1. **Rahul Gandhi:** बंगलूरू की अदालत में राहुल गांधी की पेशी आज, कर्नाटक भाजपा ने लगाया था मानहानि का आरोप
2. **Weather:** मानसून में आ रही तेजी; अगले पांच दिन उत्तर भारत में कुछ जगहों पर लू और बूंदाबांदी संभव
3. **चरणवार नतीजे:** तीसरे दौर में एनडीए का स्ट्राइक रेट सबसे अच्छा, शुरुआती दो चरणों में कांग्रेस 50 सीटें जीती
4. **ऐसी है 18वीं लोकसभा:** नौ पार्टी बदलकर और आठ पार्टी तोड़ चुनाव जीते; शीर्ष 10 पार्टियों के हिस्से आए 479 सांसद
5. **UP Election Result:** बसपा में हार से घमासान... आकाश की वापसी के आसार; इन 14 सीटों पर 50 हजार से भी कम वोट मिले
6. **Sunita Williams:** अंतरिक्ष में पहुंच खुशी से झूमीं सुनीता विलियम्स, साथियों को गले लगाया
7. **ADR:** सबसे ज्यादा करोड़पति सांसद हैं भाजपा के; 42% के पास 10 करोड़ से अधिक की संपत्ति


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 325 | इंदौर, शुक्रवार 07 जून, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# एमपी के 37 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

## ग्वालियर-निवाड़ी में गर्मी का असर भी, अगले तीन दिन ऐसा ही मौसम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल । मध्यप्रदेश में शुक्रवार को भी मौसम के दो रंग देखने को मिलेंगे। भोपाल में सुबह बूंदाबांदी हुई। इंदौर समेत 37 जिलों में कहीं आंधी-गरज चमक की स्थिति रहेगी, तो कहीं बारिश भी हो सकती है। वहीं, ग्वालियर, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, रीवा, मऊगंज और सीधी में दोपहर तक तेज गर्मी और शाम को आंधी चल सकती है। इससे पहले, गुरुवार को बादल और गर्मी वाला मौसम रहा।**



गुरुवार को कहीं बादल तो कहीं तेज गर्मी का असर देखने को मिला। दमोह और शिवपुरी सबसे गर्म रहे। यहां दिन का टेम्प्रेचर 44 डिग्री दर्ज किया गया। टीकमगढ़-पृथ्वीपुर में 43.5 डिग्री, गुना, सागर और नर्मदापुरम में पारा 43.2 डिग्री रहा। इसी तरह, छतरपुर के बिजावर में 43.1 डिग्री, राजगढ़ में 43 डिग्री, अशोकनगर में 42.7 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, सागर में शाम को बारिश भी हुई।

भोपाल, ग्वालियर में भी तापमान में उछाल देखने को मिला। भोपाल में पारा 40.8 डिग्री, इंदौर में 39.2 डिग्री, ग्वालियर में 42.5 डिग्री, जबलपुर में 41.5 डिग्री और उज्जैन में तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**इसलिए ऐसा मौसम-** IMD, भोपाल के वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया, 'पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन गुजरने की वजह से प्रदेश में आंधी और बारिश का दौर चल रहा है। वहीं, कुछ जिलों में गर्मी का असर भी है। ऐसा ही मौसम आगामी दिनों में भी बना रहेगा। उधर, मानसून लगातार अपनी गति से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में इसके समय पर मध्यप्रदेश पहुंचने की संभावना बनी हुई है।'

# एमपी की ब्यूरोक्रेसी में होगी बड़ी सर्जरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। लोकसभा चुनाव के बाद अब सीएम डॉ. मोहन यादव जल्द ब्यूरोक्रेसी में बड़ा फेरबदल करने की तैयारी में हैं। प्रारंभिक तैयारी हो गई है। डीजीपी सुधीर सक्सेना के दो साल मार्च 2024 में पूरे हो गए हैं, इसलिए वे तुरंत बदले जा सकते हैं।**

मुख्य सचिव वीरा राणा के संबंध में दो विकल्पों पर बात हो रही है। 6 माह एक्सटेंशन (सितंबर 2024 तक) पूरा होने से पहले ही वीरा राणा को बदला जाएगा या फिर नए सीएस की ओएसडी के तौर पर पहले नियुक्ति हो जाएगी। दोनों स्थिति में सितंबर से पहले नया सीएस मिलेगा। सीएस के लिए प्रमुख दावेदारों में मो. सुलेमान, डॉ. राजेश राजौरा और एसएन मिश्रा हैं। केंद्र में पदस्थ अनुराग जैन का नाम भी प्रमुख है। जैन के लिए केंद्रीय कैबिनेट, रक्षा या गृह सचिव की संभावनाएं खुली हैं। उन्हें मप्र आने का फैसला लेना होगा। सीएम को भी पहल करनी होगी। केंद्रीय कैबिनेट, गृह सचिव अभी एक्सटेंशन पर हैं। सीएमओ में 1 एसीएस या पीएस की नियुक्ति संभव है। इनमें राजेश राजौरा (अभी सीएस नहीं बनते हैं तो), अशोक वर्णवाल, मनु श्रीवास्तव, अनुपम राजन, शिवशेखर शुक्ला, ई रमेश कुमार, संजय शुक्ला, निकुंज श्रीवास्तव के नाम हैं।

❑ जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट, लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती महाजन तथा पूर्व महापौर श्री मोघे ने

# जल गंगा संवर्धन अभियान का किया शुभारंभ

## इंदौर जिले में अभियान के तहत जल संरक्षण-संर्वधन के कार्यों के साथ ही व्यापक स्तर पर होगा वृक्षारोपण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राज्यशासन के निर्देशानुसार जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने आज लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन की विशेष उपस्थिति में इंदौर में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत जिले भर में व्यापक कार्ययोजना बनाकर जल संरक्षण-संर्वधन के कार्यों के साथ ही व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण का कार्य भी किया जायेगा। इस मौके पर इंदौर के पूर्व महापौर श्री कृष्णमुरारी मोघे तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना मालवीय विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे।**

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों तथा नदी, तालाब, कुआं, बावड़ी एवं अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु 16 जून तक यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवाहित होने वाली नदियों, उनमें मिलने वाली सहायक नदियों एवं जल संरचनाओं का पुनर्जीवीकरण एवं संरक्षण किया जाना है।





जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने आज इंदौर जिले के ग्राम झलारिया में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर अतिथियों ने झलारिया ग्राम में 32 लाख रुपए की लागत के घाट निर्माण और तालाब के सौंदर्यकरण के कार्य का शुभारंभ किया।

अभियान के तहत इन्दौर की समस्त ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण और संर्वधन संबंधी विभिन्न कार्य किए जाएंगे। इंदौर जनपद पंचायत क्षेत्र में ग्राम पंचायत में साफ-सफाई के 81 कार्य तथा जन भागीदारी से तालाब गहरीकरण के 17 कार्य होंगे, जल हट में चयनित 12 कार्य किये जायेंगे। मियावाकी पद्धति से 24 हजार तथा 67 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक रूप से 52 हजार 332 पौधों का रोपण होगा। 68 निजी भूमि पर 11 हजार पौधे लगाये जायेंगे। इसी तरह के कार्य अन्य जनपदों में भी होंगे। कार्यक्रम में ग्राम झलारिया स्थित श्री अवध धाम मंदिर के सामने बड़ा तालाब पर घाट निर्माण व तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य का भूमि पूजन भी किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान समय की सबसे बड़ी जरूरत है। इस अभियान से जहां एक ओर जल के संरक्षण और संवर्धन में मदद मिलेगी वहीं दूसरी और पर्यावरण में भी सुधार आयेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत नदी, तालाब, कुओं, बावड़ी आदि जल सरचनाओं का जीर्णोद्धार और नवीनीकरण कर उन्हें उपयोगी बनाया जायेगा। केचमेट एरिये से अवरोध हटाकर पानी के आवक में वृद्धि की जायेगी। तालाबों के किनारों पर हरित क्षेत्र बफर झोन तैयार किया जायेगा। हमारा प्रयास है कि वर्षा के जल को ज्यादा से ज्यादा संचित कर भू-जल स्तर में वृद्धि की जाये।

इस मौके पर श्री रामेश्वर चौहान, श्री बृज मोहन राठी, श्री माखन पटेल, श्री सुरेश कुरवाड़े, श्री विपिन जागीरदार, श्री मानसिहं चौहान, श्री विश्ववजीत सिंह सिसौदिया, श्री सुधीर अजनी, श्री गोविन्द सिंह तथा श्री मुकेश पटेल विशेष रूप से मौजूद थे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए जन-जागरूकता आवश्यक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भोपाल के एकांत पार्क में आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता के लिए शपथ ली गयी। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव, वन श्री जे.एन. कंसोटिया ने कहा जन-साधारण को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करने की आवश्यकता है। श्री कंसोटिया ने बताया कि विभाग द्वारा अनुभूति कार्यक्रम के माध्यम से शाला विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया जा रहा है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री असीम श्रीवास्तव ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इस वर्ष की थीम - भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता (Land restoration, desertification and drought resilience) को रेखांकित करते हुए कहा कि सभी के प्रयासों से पर्यावरण को संरक्षित रखा जा सकता है। कार्यक्रम में वरिष्ठ वन अधिकारियों के अतिरिक्त रोटरी क्लब तथा ग्रीन एडवेंचर संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे। वन मंडलाधिकारी, भोपाल श्री आलोक पाठक ने आभार व्यक्त किया।

कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

बाल श्रम उन्मूलन अभियान के तहत बड़ी कार्यवाही

# पाँच बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले में कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में बाल श्रम उन्मूलन अधिनियम के तहत बड़ी कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही के अंतर्गत पाँच बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया है।**

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रामनिवास बुधोलिया ने बताया कि जिले में बाल श्रम उन्मूलन के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गठित दल ने छापामार कार्यवाही कर पाँच बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया है। यह कार्यवाही मुसाखेड़ी के मयूर नगर क्षेत्र में की गई। छापामार कार्यवाही के तहत 5 नाबालिक बच्चे बाल श्रम में नियोजित पाये गए। इसमें से मयूर नगर में जय बालाजी जूस सेंटर में दो बच्चे जिनकी 14 वर्ष से कम उम्र के तथा एक किशोर श्रमिक पाया गया। इसी तरह महादेव पानी पुरी एवं चार्ट सेंटर में दो नाबालिक बच्चे नियोजित पाए गए। दोनों बालक 14 वर्ष से कम उम्र के थे। महिला बाल विकास विभाग, श्रम विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने उक्त कार्यवाही की। संबंधित दुकान संचालकों पर बाल श्रम उन्मूलन अधिनियम के तहत प्रकरण कायम किया गया है। तत्काल बच्चों का रेस्क्यू करके आजाद नगर थाने में सूचनाबद्ध कर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति के निर्देशानुसार बच्चों को सागर सामाजिक संस्थान में प्रवेशित कराया गया। कार्यवाही करने वाले दल में महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री दिनेश मिश्रा, श्रम निरीक्षक श्री आसाराम वर्मा तथा श्रीमती श्रेया झा, श्री दीपक परमार (एसजेपीय) विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक उपस्थित थी।

# आढ़े-तिरछे पैर वाले बच्चों का क्लब फुट जागरुकता माह किया गया उपचार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर जिले में आढ़े-तिरछे पैर वाले बच्चों के उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जारी जून माह में मनाये जा रहे क्लब फुट (आढ़े-तिरछे पैर) जागरूकता माह के उपलक्ष्य में जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र जिला चिकित्सालय परिसर इंदौर में अनुष्का फॉउंडेशन संस्था के सहयोग से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत क्लब फुट से ग्रसित बच्चों को पोंसेटी पद्धति से कास्टिंग के माध्यम से उपचार प्रदाय किया गया एवं एक बच्चे को स्टेचर-शू प्रदाय किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ. अरुण कुमार पांडेय, अस्थिरोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय डॉ. अर्जुन सिंह , पी ई अनुष्का फाउंडेशन सुश्री सोनाली सेन एवं समन्वयक राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम श्री अनिल कुमार उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या ने आमजन से अपील की है कि वह आढ़े-तिरछे पैर (क्लब फुट) से ग्रसित बच्चों को जिला चिकित्सालय में प्रत्येक मंगलवार को क्लब फुट क्लिनिक में उपचार हेतु आवश्यक लाए।

# करोड़ों की धोखाधड़ी में दो पर केस

## ट्रांसपोर्टर को लगाई थी चपत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विजयनगर पुलिस ने एक ट्रांसपोर्ट के मालिक सहित दो आरोपियों के खिलाफ करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोपियों ने वाहन अटैच कर लाखों रुपए की कमाई का लालच देकर 70 से ज्यादा लोगों को अपना शिकार बनाकर करीब ढाई करोड़ की ठगी की वारदात को अंजाम दिया और आफिस बंद कर फरार हो गए।**

रक्षा यादव,बाणगंगा की शिकायत पर विजयनगर पुलिस ने माय लोडर ट्रांसपोर्ट के मालिक संतोष शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया। संतोष ने पीयू 4 स्काय स्पेस में स्कार्पियो कार और लोडिंग गाड़ी अटैच कर प्राफिट देने का लालच देकर करीब 70 से ज्यादा लोगों के साथ इसी तरह की धोखाधड़ी कर करोड़ों रुपए हजम कर लिए हैं। इस मामले में पुलिस ने एक ही एफआईआर में इन सभी लोगों को फरियादी बनाया है।

रक्षा यादव के मुताबिक कंपनी द्वारा बताया गया था कि उन्हें 20 लाख रुपए की गाड़ी के बदले शुरुआत में सिर्फ 4 लाख रुपए देना है। बाकी का 16 लाख रुपए कंपनी वहन करेगी। वहीं 41 हजार रुपए हर माह गाड़ी मालिक को मिलेगें। संतोष शर्मा ने अपने साथी सेम के साथ मिलकर सभी फरियादियों से करीब ढाई करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया है। रक्षा ने तीन गाड़ी के हिसाब से 12 लाख रुपए संतोष शर्मा को दिए थे। इसके 20 प्रतिशत राशि पहले देने की बात की गई थी। 5 साल का एग्रीमेंट हुआ। 15 मई 2024 को पेमेंट पूरा किया। इसमें गाडियों की डिलीवरी के समय बुलाया गया। लेकिन वहां पहुंचने पर आफिस पर ताला लटका मिला। मोबाइल पर संपर्क किया तो आरोपियों ने ये बंद कर लिए थे। इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा।

## शातिर चोर पुलिस की गिरफ्त में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सूने घरों में चोरी करने वाले दो आरोपियों को लसूडिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने चोरी किए गए 1.90 लाख रुपए के जेवर मणिपुरम गोल्ड फाइनेस पर गिरवी रख दिए थे। पुलिस ने वह जब्त कर लिए है। लसूडिया पुलिस ने 11 जनवरी को अनुराग पिता विजय सिंह, महालक्ष्मी नगर की शिकायत पर चोरी के मामले में केस दर्ज किया था। यहां लाखों रुपए की चोरी हो गई थी। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच करते हुए मुखबिरों एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सनी उईके, पंचवटी कालोनी, दिवाकर गोलाईथ,स्कीम नं 78 को गिरफ्तार किया गया । आरोपियों से पूछताछ करते महालक्ष्मी नगर में चोरी करना कबूल किया तथा चोरी किया माल दो सोने की चैन, एक जोडी सोने के टाप्स कीमत करीबन 1.90 लाख रुपये कीमत के जेवर आरोपियों द्वारा मणिपुरम गोल्ड फाइनेंस पाटनीपुरा पर गिरवी रख दिए थे,जब्त किए।

## मुंह बोले भाई के दोस्त ने बहाने से बुलाकर रेप किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राजेन्द्र नगर इलाके में यूपीएससी की तैयारी कर रही स्टूडेंट से रेप का मामला सामने आया है। पीड़िता भंवरकुआ इलाके की एक हॉस्टल में रहती है। पीड़िता के मुंह बोले भाई के दोस्त ने बहाने से बुलाकर रेप किया। इसके बाद चुप रहने के लिए डराया। पीड़िता ने एक सप्ताह बाद ही हिम्मत करके अपनी सहेली और मुंह बोले भाई को पूरी बात बताई और रेप का केस दर्ज कराया।

राजेन्द्र नगर पुलिस से मिली जानकारी में मुताबिक मंडला से इंदौर आकर यूपीएससी की तैयारी कर रही 19 साल की छात्रा ने अमन पुत्र सुनील साहू, निवासी कटरा, मंडला के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने धोखे से बुलाकर अमितेष नगर में उसके साथ रेप किया और उसे धमकाया। पीड़िता इंदौर में निजी कोचिंग से यूपीएससी की पढ़ाई कर रही है। अमन से उसकी पहचान दूर के रिश्ते में लगने वाले भाई के कारण हुई थी। दोनों एक ही फ्लैट में रहते थे। भाई के फ्लैट पर आने-जाने के कारण पीड़िता की अमन से भी पहचान हो गई थी। दोनों के बीच बातचीत भी होने लगी। पीड़िता उसे भी भैया कहकर ही बुलाती थी। पीड़िता ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया...मैं दूसरे कमरे में थी, तब अमन आया और कहा कि आज तो हम रूम पर अकेले हैं। मैं उसकी बात समझ नहीं पाई। मैंने कहा कि तो क्या हुआ। तो अमन ने कहा कि तुम आराम करो और कमरे से चला गया। कुछ देर बाद वह वापस आया और खींच कर जबरदस्ती करने लगा। इसके बाद मुंह दबाकर जबरदस्ती मेरे कपड़े उतारे और रेप किया। मैंने कहा कि तुमने मेरे साथ अच्छा नहीं किया, ये बात मैं सबको बताऊंगी। इस पर अमन ने कहा कि इससे कुछ नही होगा। सब तुम्हारी ही गलती समझेंगे। तुम्हारा ही जीवन खराब होगा। परिवार के लोग कोचिंग भी छुड़ा देंगे। मैं लोगों से कह दूंगा जो हुआ दोनों की मर्जी से हुआ।

## रेप का केस वापस ले ले नहीं तो निपटा दूंगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक रेप पीडिता को आरोपी ने कोर्ट में ही जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गवाह को धमकाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामला एमजी रोड थाना इलाके के जिला न्यायालय का है। आरोपी का नाम लखन है । पुलिस के अनुसार आरोपी लखन के खिलाफ पीडिता ने रेप का मुकदमा दर्ज करवाया था। बुधवार को केस में तारीख थी, पीडिता भी कोर्ट में आई थी वहीं पर आरोपी ने मुकदमा वापस लेने की धमकी देते हुए कहा कि यदि केस वापस नहीं लिया तो जान से मार दूंगा।

## पड़ोसन की गाड़ी में लगाई आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। तुकोगंज इलाके में एक युवक ने अपनी पड़ोसन की गाड़ी में आग लगा दी, दोनों के बीच कुछ समय से विवाद की स्थिति बनी हुई थी। सपना लोदवाल निवासी पंचम की फेल की शिकायत पर क्षेत्र में ही रहने वाले विवेक उर्फ काना बरुआ के खिलाफ आगजनी का मुकदमा दर्ज किया गया है। पीडिता ने पुलिस को बताया कि घटना बीती रात की है। उसकी मोटर साइकिल घर के बाहर खड़ी थी, देर रात अचानक उसमें आग लग गई। सपना और पड़ोसियों ने बाहर जाकर देखा व आसपास के सीसीटीवी फुटेज तलाशे तो विवेक आग लगाता हुआ नजर आया। इसके बाद विवेक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

## एक हजार से अधिक पदों पर नौकरी पाने का महिलाओं के लिए सुनहरा अवसर

### रोजगार मेला 25 जून को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राज्य शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार इंदौर जिले में युवाओं को प्रतिष्ठित निजी कंपनियों में नौकरियां दिलाने के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) नन्दा नगर, इंदौर में 25 जून 2024 को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। इस रोजगार मेले में प्रतिभाशाली महिलाओं के लिए अपने करियर को आगे बढ़ाने का शानदार अवसर है। कौशल के आधार पर केवल महिला उम्मीदवार इस जॉब के लिए आवेदन कर सकती है। इस मेले में ट्रेनिंग ऑफिसर, एसएमओ तथा क्वालिटी चेकर के पदों पर नियुक्ति होगी। 18 वर्ष से 35 वर्ष उम्र की महिलाएं शामिल हो सकती है। आवेदक के पास न्यूनतम योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई तथा स्नातक पास अनिवार्य है। न्यू जील फैशन वियर प्राइवेट लिमिटेड धार द्वारा एक हजार पदों पर तथा एमजी मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड हलोल वडोदरा द्वारा 150 पदों पर नियुक्ति दी जायेगी। अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय पर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक जोनल टीपीओ मीना लोहिया के मोबाइल नम्बर 9425090444 तथा विपिन पुरोहित के मोबाइल नम्बर 8770358425 पर संपर्क किया जा सकता है।

## संजीवनी सेवा संगम संस्था के निर्वाचन 14 जून को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर के सत्य साईं चौराहा स्थित संस्था संजीवनी सेवा संगम की कार्यकारिणी के निर्वाचन का कार्यक्रम अपर कलेक्टर एवं प्रशासक श्री रोशन राय द्वारा जारी कर दिया गया है। इस संस्था के अध्यक्ष पद सहित उपाध्यक्ष के दो पदों के लिए आगामी 14 जून को निर्वाचन होगा। अपर कलेक्टर श्री रोशन राय ने निर्वाचन कार्य में प्रशासक के सहयोग के लिए डिप्टी कलेक्टर श्री राकेश परमार, डिप्टी कलेक्टर सुश्री निधि वर्मा, सहायक पंजीयक फर्म्स एवं संस्थाएं श्री बी. डी. कुबेर तथा तहसीलदार सुश्री पूनम तोमर को नियुक्त किया है। इस संस्था की साधारण सभा में संस्था सदस्यों के मध्य से अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष के दो पदो का निर्वाचन बहुमत के आधार पर होगा। निर्वाचन की प्रक्रिया 14 जून को सुबह 10:30 बजे से प्रारंभ होगी।

## कांग्रेसी बोले-भाजपा ने खेल किया 'खोटा', जनता ने दबाया 'नोटा'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में 'नोटा' ने नया रिकॉर्ड कायम किया है। बिहार के गोपालगंज का पिछला कीर्तिमान ध्वस्त करते हुए 2,18,674 वोट हासिल किए। वहीं सर्वाधिक नोटा के वोट डलने पर इंदौर के गांधी भवन कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेसियों ने नोटा का जश्न जन्मदिन के रूप मे केक काटकर मनाया गया।

इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने इंदौर की आम जनता के प्रति अपना आभार धन्यवाद व्यक्त किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने नोटा के देश व इंदौर मे नंबर 1 आने पर जनता को बधाई देते हुए हाथों में तख्तियां पकड़ी ,जिस पर लिखा था, "भाजपा ने खेल किया है खोटा" "इंदौर की जनता ने दबाया नोटा" साथ ही नारे भी लगाए। इंदौर शहर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने बताया कि इंदौर लोकसभा चुनाव में 2,18,674 लाख वोट नोटा में देकर आम जनता ने अपने मताधिकार का उपयोग कर भारतीय जनता पार्टी का चाल चरित्र और चेहरा उजागर किया। जिस तरीके का कार्य भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव में किया था और लोकतंत्र की हत्या की थी। उसी का परिणाम है कि लोकसभा चुनाव में इंदौर और देश मे नोटा नंबर 1 आया है। इसलिए नोटा का जश्न कांग्रेसजनों ने जन्मदिन के रूप मे केक काटकर मनाया।

## संभागायुक्त ने की नर्मदा बचाओ आंदोलन के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। संभागायुक्त एवं आयुक्त पुनर्वास नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण श्री दीपक सिंह ने आज नर्मदा बचाओ आंदोलन के प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक की। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने सुश्री मेधा पाटेकर के साथ आए प्रतिनिधियों और डूब प्रभावितों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने भू अर्जन अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे क्षेत्र में जाकर कैंप लगाकर डूब प्रभावित ग्रामीणों की समस्याएं सुनें और निराकरण कराएं। श्री दीपक सिंह ने यह भी निर्देश दिए के पुनर्वास के स्थलों में सभी नागरिक सुविधाएं सुनिश्चित हों। शासन के इस संबंध में जो भी निर्णय हैं उनका पालन किया जाए। बैठक में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के सभी अधिकारीगण उपस्थित थे।

## गड़बड़ी करने वाली कंपनी सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर ब्लैक लिस्टेट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सड़क निर्माण में गड़बड़ी कर नगर निगम के खाते से 52 लाख रु. से ज्यादा का भुगतान लेने वाली कंपनी सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर को निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने तीन साल के लिए ब्लैक लिस्टेट कर दिया है। इसके तहत यह कंपनी और इसकी सहयोगी कंपनियों के टेंडरों और कामों पर भी तीन साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने सख्ती बरतते हुए कहा कि गड़बड़ी करने वाले किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। मामला वार्ड 79 के कुंदन नगर के सड़क निर्माण का है। सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा यहां सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण किया गया था। इसमें निगम अधिकारियों-कर्मचारियों की मिलीभगत कर निगम से 52 लाख रु. से ज्यादा का भुगतान प्राप्त कर लिया गया था। जांच में मामला सही पाया। बुधवार को मामले में पद का दुरुपयोग करने पर सब इंजीनियर कमलेश शर्मा को सेवा से मुक्त किया गया था। साथ ही जोनल अधिकारी सतीश गुप्ता को सस्पेंड किया गया था। ऐसे ही बगीचे के काम में गड़बड़ी पर मस्टर सब इंजीनियर हरीश कारपेंटर की सेवा समाप्त कर दी थी। प्रभारी सहायक इंजीनियर लक्ष्मीकांत वाजपेयी को भी सस्पेंड किया था। इसी कड़ी में अब कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# भोपाल में मंत्रियों एवं विधायकों के लिए तीन हजार करोड़ की लागत में बनेंगे आवास एवं अपार्टमेंट्स

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में मंत्रियों और विधायकों के लिए आवास एवं अपार्टमेंट्स बनाएं जाएंगे। तीन हजार करोड़ रुपये की लागत से ये काम होगा। इस मल्टी प्रोजेक्ट के प्रस्ताव को अभी कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। गुरुवार को नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की। इसमें गृह निर्माण मण्डल आयुक्त को वृहद श्रेणी के कार्य पर विशेष फोकस करने और समय सीमा में निर्माण कार्य करने को कहा। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में स्मार्ट सिटी और मेट्रो प्रोजेक्ट की भी समीक्षा की गई।



### नगर वन विकास के लिए दो करोड़ दिए जाएंगे

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि नगर वन (अर्बन फॉरेस्ट) के विकास के लिये प्रत्येक नगरीय निकाय को 2-2 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। नगरीय निकाय उद्यान विकास के साथ-साथ खुद की नर्सरी भी तैयार करें। हर साल जून-जुलाई-अगस्त में व्यापक स्तर पर पौधारोपण भी कराएं। इसी तरह जन-सहभागिता से स्मृति-वन भी विकसित किए जा सकते हैं।

### अवैध कॉलोनियों पर होगी कार्यवाही

बैठक में मंत्री ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की। बताया गया कि शहरों में अवैध कॉलोनियों एवं व्यवसायिक निर्माण कार्यों पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिये एक विशेष दस्ता तैयार किया जा रहा है। यह विशेष दस्ता सभी प्रकार के अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने का कार्य करेगा।

### सिंहस्थ-2028 के लिये 4 हजार 700 करोड़ रुपये

मंत्री ने सिंहस्थ-2028 की तैयारियों की समीक्षा भी की। इस दौरान बताया गया कि सिंहस्थ से प्रभावित उज्जैन की सीमा से लगे जिलों में नगरीय निकायों में भी जरूरी अधोसंरचना निर्माण कार्य कराए जाएंगे। इन सम्पूर्ण कार्यों के लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा राजय शासन से 4 हजार 700 करोड़ रुपये का बजट मांगा गया है। सिंहस्थ के मद्देनजर क्षिप्रा नदी में 12 किलोमीटर लम्बाई के नये घाट बनाये जायेंगे। सिंहस्थ की तैयारी के दृष्टिगत उज्जैन का मास्टर प्लान 26 मई 2023 को बन चुका है। उज्जैन विकास योजना-2035 में सिंहस्थ का पड़ाव क्षेत्र भी चिन्हित कर लिया गया है। यहां आवश्यकता अनुसार अधोसंरचना विकास कार्य कराये जाएंगे। मंत्री ने कहा कि सिंहस्थ को लेकर वर्तमान में किये जा रहे सभी कार्य समय-सीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर लिये जाएं।

### रिक्त पदों की पूर्ति कर लें

बैठक में विभागीय संरचना की जानकारी लेकर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने कहा कि विभागीय स्तर पर रिक्त पदों की पूर्ति कर लें। प्रमुख सचिव ने बताया कि विभागीय कैडर के पुनरीक्षण (रिवीजन) के लिए एक समिति का गठन कर दिया गया है। बैठक में मंत्री ने नगरों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की भी समीक्षा की। विजयवर्गीय ने पेयजल आपूर्ति की कार्य-योजना के अनुसार नगरीय निकायों को अपने डिलेवरी सिस्टम को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

## डकैती के माल और हथियारों के साथ खरगोन पुलिस के हत्थे चढ़े डकैत, दामखेड़ा कॉलोनी में की थी वारदात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन।** मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के मेनगांव थाना क्षेत्र की दामखेड़ा कॉलोनी में डकैती करने वाले बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 4 लाख रुपये के गहने समेत 21 हजार रुपये नकद, घटना में इस्तेमाल बोलेरो गाड़ी, 3 मोटर साइकिल, 2 देशी पिस्टल और हथियारों के साथ ही बड़ी मात्रा में औजार भी बरामद किए हैं। साथ ही धार जिले के आरोपियों का साथ देने और डकैती के माल में हिस्सा लेने वाले खरगोन के 5 बदमाशों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि दामखेड़ा कॉलोनी में बीते दिनों एक घर में महिलाओं को हथियारों का रोब दिखाकर डकैतों ने इस घटना को अंजाम दिया था। जिसके बाद से ही मेनगांव थाना प्रभारी बलराम राठौड़ मामले के जांच में लगे हुए थे। एसपी धर्मराज मीणा ने बताया कि खरगोन के पास मेनगांव थाना अंतर्गत आने वाली दामखेड़ा कॉलोनी में पिछले दिनों एक डकैती की घटना अंजाम दी गई थी, जिसको चुनौती के रूप में लेते हुए मेन गांव थाना प्रभारी सहित पुलिस टीम ने जांच शुरू की थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति खरगोन के आसपास कोई बड़ी डकैती की योजना बना रहे हैं, जिस पर 8 लोगों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उनके पास से डकैती में इस्तेमाल होने वाले औजार भी बरामद हुए। उन लोगों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई तो उनके द्वारा मेनगांव में डकैती की वारदात करना कबूल किया गया। पकड़े गए आठ व्यक्ति धार जिले के बाग टांडा के आसपास के रहने वाले हैं।

## बीएमएचआरसी में अब लेजर से होंगे किडनी स्टोन व प्रोस्टेट के ऑपरेशन, लगी 100 वॉट होलमियम लेजर मशीन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान (बीएमएचआरसी) में अब किडनी, यूरेटर स्टोन व प्रोस्टेट से संबंधित ऑपरेशन लेजर तकनीक से हो सकेंगे। इसके लिए अस्पताल में होलमियम लेजर मशीन (100 वॉट) आ गई है। बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने हमीदिया अस्पताल के सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. अरविंद राय के सान्निध्य में इसे मरीजों को समर्पित किया।**



### अभी तक पीसीएनएल प्रक्रिया से होते थे ऑपरेशन

बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक अस्पताल में किडनी स्टोन के ऑपरेशन पीसीएनएल (PCNL) प्रक्रिया से होते थे। इसमें पीठ के एक हिस्से में चीरा लगाकर लिथोटिप्टर के जरिए स्टोन को नष्ट किया जाता था। अब इस नई मशीन से बिना चीरा लगाए यूरेथा (पेशाब की नली) के रास्ते किडनी और यूरेटर में मौजूद स्टोन तक पहुंचकर उसे नष्ट किया जा सकता है। इस प्रक्रिया से 2 सेंटीमीटर तक के स्टोन को नष्ट किया जा सकता है। इस मशीन से बिना चीरा लगाए प्रोस्टेट के ऑपरेशन भी किए जा सकते हैं।

### लेजर मशीन के जरिए होने वाले ऑपरेशन के फायदे

बीएमएचआरसी के यूरोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. शारिक उल हसन ने बताया कि लेजर मशीन के जरिए होने वाले ऑपरेशन से कई लाभ होते हैं। जैसे चीरा न लगने से मरीज को दर्द कम होता है। अधिक खून बहने का खतरा नहीं होता। मरीज जल्दी रिकवर हो जाता है और उसे अस्पताल से जल्दी डिस्चार्ज कर दिया जाता है।

### जल्द आएंगी अन्य नई मशीनें

डॉ मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि अस्पताल में मौजूद पुराने उपकरण व मशीन को अपग्रेड किया जा रहा है व नई मशीन भी खरीदी जा रही है। जल्द ही यूरोलॉजी विभाग में यूरोडायनमिक मशीन भी आने वाली है। इसके अलावा कुछ और मशीनों को खरीदने की प्रक्रिया चल रही है। भविष्य में किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

## सात जजों की नियुक्ति को चुनौती देने वाली वो याचिका खारिज, जिसमें था जातिवाद को बढ़ावा देने का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने नवंबर 2023 में हाईकोर्ट में सात जजों की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका निरस्त कर दी है। एक्टिंग चीफ जस्टिस शील नागू व अमरनाथ केशरवानी की युगलपीठ ने सुरक्षित अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों को रेखांकित करके व्यक्त किया है कि कॉलेजियम की भारत के संविधान में भले ही कोई व्यवस्था नहीं की गई है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से कॉलेजियम व्यवस्था प्रचलन में है। इसे संविधान के अनुच्छेद 141 के तहत देश की सम्पूर्ण न्यायपालिका एवं विधायिका मानने को बाध्य है। उक्त मत के साथ न्यायालय ने दायर याचिका खारिज कर दी।

जबलपुर निवासी अधिवक्ता मारुति सोंधिया व उदय साहू की तरफ से दायर याचिका में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम पर जातिवाद और वर्गवाद का आरोप लगाया गया था। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया था कि हाईकोर्ट तथा सुप्रीम कोर्ट द्वारा संविधान में निहित सामाजिक न्याय तथा आनुपातिक प्रतिनिधित्व के सिद्धांत को नजर अंदाज करके एक ही जाति, वर्ग तथा परिवार विशेष के ही अधिवक्ताओं के नाम जज बनाने के लिए भेजे जाते हैं। यह संविधान के अनुच्छेद 13,14, 15,16 एवं 17 के प्रावधानों तथा भावना के विपरीत है। न्यायपालिका में सभी वर्गों का अनुपातिक प्रतिनिधित्व होना आवश्यक है। इस संबंध में करिया मुंडा कमेटी की रिपोर्ट स्पष्ट रूप से व्याख्या करती है कि हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में एक जाति वर्ग विशेष के ही जजों की नियुक्ति होने से बहुसंख्यक समाज के लोगों को उनके संवैधानिक अधिकारों वंचित किया जा रहा है। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया था कि आजादी से लेकर आज तक मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में एक भी एससी तथा एसटी का जज नहीं बनाया गया है। इतना ही नहीं मप्र हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम में भी आरक्षित वर्ग का एक भी प्रतिनिधि नहीं है। याचिका में आरोप लगाया गया था कि कॉलेजियम द्वारा मनमाने रूप से अपने चहेतों को उपकृत करने के लिए जज के लिए नाम की अनुशंसा की जाती है। याचिका में कैबिनेट लॉ सेक्रेटरी यूनियन ऑफ इंडिया कानून मंत्रालय, सुप्रीम कोर्ट, मप्र हाईकोर्ट, मप्र शासन के मुख्य सचिव के अलावा जस्टिस विनय सराफ, जस्टिस विवेक जैन, जस्टिस राजेंद्र कुमार वानी, जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल, जस्टिस विनोद कुमार द्विवेदी, जस्टिस देव नारायण मिश्रा और जस्टिस गजेंद्र सिंह को पक्षकार बनाया गया था। मामले में सुनवाई पश्चात न्यायालय ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। जिसे सार्वजनिक करते हुए न्यायालय ने उक्त मत के साथ दायर याचिका खारिज कर दी।

## बेटा ही निकला वृद्ध मां का हत्यारा, भाई की मौत पर मिले मुआवजे का पैसा नहीं देने पर मार डाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** राजधानी के बैरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम मेघरा कलां में हुई वृद्धा की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। मामले में मृतका के बेटे को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि कुछ साल पहले आरोपी के भाई की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। मुआवजे के तौर पर मां को पैसे मिले थे, जिसे आरोपी मांग रहा था। पैसे नहीं देने पर बेटे ने मां की हत्या कर दी और बाद में शव को ले जाकर कुएं में फेंक दिया था। जानकारी के अनुसार लक्ष्मीबाई राजपूत पत्नी स्वर्गीय अनारसिंह राजपूत (62) ग्राम मेघरा कलां बैरसिया में रहती थी। परिवार में उसे दो बेटे थे, जबकि बेटी की शादी हो चुकी है। दिव्यांग होने के कारण लक्ष्मीबाई घर पर रहती थी। बीती एक जून को लक्ष्मीबाई घर से गायब हो गई थी। तलाश करने के बाद भी जब उनका कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने तीन जून को थाने जाकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

# संपादकीय

## बेकाबू हालात

गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत हर जगह नजर आने लगती है। जलवायु परिवर्तन की वजह से पारंपरिक जल स्रोतों के सूखते जाने से यह संकट हर वर्ष कुछ बढ़ा हुआ दर्ज होने लगा है। खासकर महानगरों में पानी की समस्या गर्मी का मौसम शुरू होते ही बढ़ जाती है। दिल्ली भी इससे अछूती नहीं है। हर गर्मी में हरियाणा के साथ उसकी ठन जाती है कि हरियाणा समझौते के अनुसार उसके हिस्से का पानी नहीं छोड़ता। इस बार भी मामला अदालत तक पहुंच गया है। पिछले हफ्ते दिल्ली सरकार ने पानी की बर्बादी रोकने के मकसद से व्यर्थ पानी बहाने वालों पर दो हजार रुपए जुर्माना लगाने का ऐलान किया। इसके लिए जल बोर्ड को दो सौ निगरानी दल गठित करने को कहा गया। पानी के बंटवारे पर अदालत का फैसला जो भी आए, पर हर वर्ष की इस स्थायी बन चुकी समस्या के मद्देनजर यह जरूरत सदा रेखांकित होती रही है कि अगर ठीक से पानी का प्रबंधन हो, तो इस समस्या से काफी हद तक पार पाया जा सकता है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि पानी के मसले पर केवल सरकार की नाकामियां गिनाने और उसके मत्थे दोष मढ़ कर अपनी जिम्मेदारियों से मुक्ति पा लेने की कोशिशों से काम नहीं चलेगा। इसमें नागरिक दायित्व निर्वहन की भी जरूरत है। जब तक लोग खुद अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेंगे कि बेवजह पानी बहाना कोई शान की बात नहीं, तब तक डंडे के जोर पर उन्हें नहीं रोका जा सकता। मगर इसका अर्थ यह भी नहीं कि इससे जल बोर्ड की जिम्मेदारियां समाप्त हो जाती हैं। जगह-जगह पाइपों के फटने से दिन भर पानी बहता रहता है। महीनों उनकी मरम्मत नहीं हो पाती। फिर, वर्षों पहले वर्षा जल संचय के लिए दिल्ली में जलाशय बनाने की जो योजना पेश की गई थी, उस पर अपेक्षित काम नहीं हो पाया है। संगठनों के सहयोग से जल संकट से पार पाने के उपायों पर कारगर कदम उठाए जा सकते हैं। हालांकि जल बंटवारे को लेकर जिस तरह अनेक राज्यों के बीच अक्सर विवाद खड़े हो जाते हैं, उसके लिए भी व्यावहारिक कदम की अपेक्षा बनी हुई है।

**अर्ज़ किया है..!**

*आज़ाद तो बरसों से हैं*
*अरबाब-ए-गुलिस्ताँ*
*आई न मगर ताक़त-ए-*
*परवाज़ अभी तक*

*-वाहिद प्रेमी*

**OSHO कहिन**

**मनुष्य का हमेशा डर के जरिये ही शोषण किया जाता है।**



## महिला जगत

# सिर्फ परिवार संभालना ही नहीं है मां और पत्नी का सपना, जानिए एक महिला के सपनों के बारे में

सपने तो हर एक के पास होते हैं। आपके पास भी होंगे। करियर का सपना! घर का सपना! कुछ हटके काम कर नाम कमाने का सपना या लोगों की मदद कर समाज के लिए भरोसेमंद चेहरा बन जाने का सपना! लेकिन क्या आपको पता है कि अगर आपके पास कोई सपना है तो आपको क्या करना चाहिए?

"सपने वो नहीं होते, जो नींद में देखे जाते हैं, सपने वो होते हैं, जो आपको सोने नहीं देते हैं।" यह प्रसिद्ध कथन भारत के 'मिसाइल मैन' एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का है, जो दुनिया के लाखों-करोड़ों लोगों को आज भी प्रेरणा देता है। यह केवल एक कथन नहीं है, बल्कि एक विचार है, जिसने लोगों को जिंदगी में नए सपने बुनने के लिए एक ऊंची उड़ान दी। इस कथन का सीधा-सा मतलब है कि जीवन को लेकर आपके ऐसे सपने होने चाहिए, जिन्हें पाने के लिए आप पूरी जी-जान लगा दें और तब तक प्रयास करती रहें, जब तक उनको पा न लें।

लेकिन नेहा की मां कुछ अलग ही सोच रखती हैं। "तुम्हें करियर के बारे में सोचने की क्या जरूरत है, शादी के बाद पति के सपने ही पत्नी के सपने बन जाते हैं। महिलाओं के सपने कभी भी परिवार से बड़े नहीं होने चाहिए।" अपनी मां के मुंह से यह शब्द सुनते ही नेहा ने कहा, "यह क्या कह रही हो आप, मम्मी? हर महिला के लिए यह जरूरी है कि वह अपने सपने खुद चुनें, न कि किसी और के सपने उसके सपने हों और वह किसी के दबाव में उन्हें चुनने को मजबूर न हो। हर किसी को अपने सपने देखने का अधिकार है।"

असल में बिल्कुल सही कहा नेहा ने, क्योंकि अक्सर माता-पिता, पति और रिश्तेदार दुनियादारी की पाठशाला में बच्चियों, युवतियों और महिलाओं को यही पाठ पढ़ाते हैं। लेकिन इन बातों के आगे हर महिला के लिए एक खुला संसार है, जहां वह अपने सपने देखने और उन्हें सच करने के लिए आजाद है। बस जरूरत है तो पूरी हिम्मत और विश्वास के साथ कदम आगे बढ़ाने, सपने देखने और उन्हें सच करने की जिद रखने की।

"पापा, लोग क्यों कहते हैं कि बड़े सपने मत देखो। क्या सपने देखना गलत है?" शिखा ने जैसे ही यह सवाल अपने पापा मिस्टर नारंग से किया तो उन्होंने कहा, "बिल्कुल गलत नहीं है। जो बड़े सपने देखते हैं, वही उन्हें पूरा भी करते हैं। इसलिए हमेशा बड़े सपने देखो और जी-जान से उन्हें पाने की कोशिश में जुट जाओ, मेरी बच्ची।"

माना कि घर-परिवार के साथ ऐसा करना महिलाओं के लिए थोड़ा मुश्किल हो सकता है, लेकिन इस का अपनी ताकत के रूप में इस्तेमाल करें। दरअसल, सपने कभी बड़े या छोटे नहीं होते, बल्कि यह हमारी सोच पर निर्भर करता है। इसलिए सोच और सपना, दोनों बड़े हों तो



ही कामयाबी आपके कदम चूमेगी। अक्सर जो महिलाएं जीवन में कुछ कर गुजरने के सपने देखती हैं या आगे बढ़ने की महत्वाकांक्षाएं रखती हैं, उन्हें लोग गंभीरता से नहीं लेते।

माना जाता है कि ऐसा करना सिर्फ समय की बर्बादी है, लेकिन वास्तव में सपने आपके दिल की सच्चाई हैं। जिस दिन आप अपना लक्ष्य प्राप्त कर लेंगी, उस दिन दुनिया मान जाएगी कि आपका सपना आपका दृढ़ निश्चय था। यह आपको मुश्किलों का सामना करना सिखाएगा, आगे बढ़ना सिखाएगा और आपके अंदर आत्मविश्वास भी जगाएगा।

"मैंने शौकिया तौर पर यह पापड़ और चिप्स का काम शुरू किया था, लेकिन देखो, आज कितने शहरों से मेरे पास ऑर्डर आ रहे हैं। मेरा शोहरत पाने का सपना सच हो गया", मिसेज वर्मा ने अपनी पोती से कहा।

एक महिला जब सीमित दायरे के अंदर रह कर अपने सपनों का संसार बनाती है तो उसे आमतौर पर उसकी जिम्मेदारी का हिस्सा मान लिया जाता है। धीरे-धीरे जिम्मेदारियों का यह बोझ उसका आत्मसम्मान और आत्मविश्वास, दोनों तोड़ देता है। लेकिन जब आप अपना लक्ष्य तय करके उसे पाने के लिए सुई की नोक से लेकर पहाड़ तक की दूरी तय करेंगी तो इससे आपका आत्मविश्वास लौट आएगा। छोटी-छोटी बातें आपको जिंदगी का सबक सिखा जाएंगी। आप कुछ नया सीख पाएंगी और सीखा गया ज्ञान कभी व्यर्थ नहीं जाता।

कहते हैं न, आत्मनिर्भर होकर जीने का मजा ही कुछ और है। आप अपनी कमाई को जब अपने तरीके से खर्च करती हैं तो उसका आनंद कई गुना बढ़ जाता है। वर्किंग वुमन रिपोर्ट के अनुसार, भारत की 70 फीसदी कामकाजी महिलाएं पति के साथ मिल कर घर का खर्च उठा रही हैं। इतना ही नहीं, 30 प्रतिशत महिलाएं तो अपनी आधी सैलरी घर के खर्च में ही लगा देती हैं। यह हिस्सेदारी न सिर्फ आपको सम्मान दिलाएगी, बल्कि आत्मविश्वास से भी भर देगी। इसलिए आप अपनी बनाई गईं दहलीज को लांघकर आगे बढ़ने का रास्ता खोजें और अपने पैरों पर खड़ी हों और अगर इससे आप अपने परिवार का आर्थिक स्तंभ बनती हैं तो और अच्छा है।

"आपके सपने असल में आपकी इच्छाओं और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब हैं। एक उम्र के बाद अक्सर महिलाएं इस प्रतिबिंब की रोशनी देख नहीं पातीं। लेकिन ऐसी गलती आप न करें, मम्मी। आपको इस डांस प्रतियोगिता में जरूर जाना चाहिए। जिंदगी में खुद को बार-बार मौके देने में कोई बुराई नहीं है।" दीक्षा ने अपनी मम्मी को समझाया।

असल में, आप जितना बड़ा रिस्क लेंगी, उतनी ही आपकी हिम्मत और आत्मविश्वास बढ़ता जाएगा। ये दोनों ही जीवन के हर कदम में आपके काम आएंगे। आप हर बात और परिस्थिति को पॉजिटिव नजरिये से देखना सीख जाएंगी। सपने देखना बहुत ही बुनियादी बात है, लेकिन उन्हें पूरा करने के लिए अपनी पूरी क्षमता और मेहनत तथा समर्पण देना बहुत ही मुश्किल काम है। जब आप ऐसा करने में महारत हासिल कर लेंगी तो आपका व्यक्तित्व विकास खुद-ब-खुद होने लगेगा। आप परिस्थितियों को सुलझाने के लिए ज्यादा लचीलेपन से सोचना शुरू कर देंगी। आपको काम की प्लानिंग करना और अपने कमिटमेंट निभाना अपने आप आ जाएगा।

अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, आठ में से हर एक महिला क्लीनिकल डिप्रेशन का शिकार होती है। डिप्रेशन से सबसे ज्यादा प्रभावित 25 से 44 साल की महिलाएं होती हैं। महिलाएं घर और परिवार की जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाना ही अपने जीने का उद्देश्य मान लेती हैं, लेकिन यह सोच पूरी तरह से ठीक नहीं है। आमतौर पर गृहिणियों के कामों को बहुत ही कम महत्व दिया जाता है या उसे उनकी जिम्मेदारी समझ लिया जाता है, लेकिन यह कोई आसान काम नहीं है।

अहमदाबाद के भारतीय प्रबंधन संस्थान के एक अध्ययन के अनुसार, भारतीय महिलाएं हर दिन करीब 7.2 घंटे घर के अवैतनिक (बिना वेतन के) कार्यों में बिता देती हैं। यह समय किसी ऑफिस कार्यों के घंटों से कम नहीं हैं। वहीं गृहिणियों को कभी कोई छुट्टी अथवा ब्रेक भी नहीं मिलता है और तीज-त्योहारों तथा मेहमानों के आने पर ओवरटाइम के घंटे भी नहीं गिने जाते हैं। ऐसे में आप अपने काम के महत्व को पहले तो खुद समझें और उसके बाद दूसरों को भी समझाएं।

माना कि परिवार आपकी जिंदगी का एक अहम हिस्सा है, लेकिन पूरी जिंदगी नहीं। सबके सपने सच करने के चक्कर में आप खुद सपने देखना न भूलें। ध्यान रखें, उगते सूरज को ही सब नमन करते हैं। आपके सपने और महत्वाकांक्षाएं आपको वह एनर्जी देंगी, जिनके बल पर आप पूरी क्षमता के साथ दिल खोलकर जी सकती हैं। इससे आपको जो आत्मविश्वास मिलेगा, वह अमूल्य होगा। इसलिए अपने सपनों और रुचियों को समय दें। सपनों के माध्यम से ही आप अपनी आकांक्षाओं को और समाज की समस्याओं का हल निकालने के लिए नए-नए विचारों को उत्पन्न कर पाती हैं।

New Delhi

# EVM का जन्म ऐसे मुहूर्त में हुआ कि उसे गाली खानी है, ऐसा क्यों बोले चुनाव आयोग के प्रमुख

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** लोकसभा चुनाव 2024 संपन्न हो चुके हैं। भारत निर्वाचन आयोग यानी ECI के अधिकारियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अधिसूचना भी सौंप दी है। इसी बीच मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) राजीव कुमार ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) पर उठने वाले सवालों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ईवीएम को अब आराम करने दीजिए, क्योंकि अगले चुनाव में फिर उसे गाली खानी है।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान आयुक्त कुमार ने कहा, 'अब तो सबके सामने है। अब तो सबको पता है। उसको बेचारी को क्यों पीटना है। उसको उससे दूर रहते हैं। थोड़े दिन उसको भी आराम करने दीजिए। अगले चुनाव में



बाहर आएगी। फिर उसी तरह से उठेगी, बैटरी बदलेंगे, पेपर बदलेंगे, फिर वो गाली खाएगी। फिर वो अपना रिजल्ट अच्छे से दिखाएगी।' उन्होंने आगे कहा, 'पिछले 20-22 इलेक्शन से ऐसे रिजल्ट दिखा रही है। सरकार एक जगह से दूसरी जगह बदलती चली जाती हैं पूरे राज्यों में बहुत सारों में। तो उसका शायद जब मुहूर्त ऐसा था जब जन्म हुआ तब ऐसा था कि उसे गाली खानी है। वो बहुत भरोसेमंद चीज है और तटस्थ हो चुकी है और अपना काम करती रहती है।' पीटीआई भाषा के अनुसार, निर्वाचन आयोग ने 'हिंसा मुक्त' लोकसभा चुनाव को गुरुवार को महात्मा गांधी को समर्पित किया और कहा कि आयोग ने देश में अशांति पैदा कर सकने वाली 'अफवाहों एवं बेबुनियाद संदेहों' से चुनाव प्रक्रिया को पटरी से उतार देने की कोशिश को पूरी तरह विफल कर दिया।

Uttarpradesh

## योगी-मोदी के भरोसे घर बैठे रहना भाजपा प्रत्याशियों को पड़ा भारी, इसलिए लगा यूपी में जोर का झटका

**लखनऊ, (एजेंसी)** यूपी के लोकसभा चुनाव में हार का प्रमुख कारण पूर्व सांसदों की निष्क्रियता रही। जनता में नाराजगी थी। सांसद 2019 में चुनाव जीतने के बाद से पांच साल तक घर बैठने और सिर्फ मोदी-योगी के सहारे जीतने के सपने देखते रहे। परिणाम बता रहे हैं कि भाजपा को लगातार दो बार सत्ता की बुलंदी तक पहुंचाने वाला यूपी एक बार फिर से 'गेमचेंजर' साबित हुआ है। 2024 के चुनाव में भाजपा को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश में लगा है।

सपा-कांग्रेस के गठबंधन ने भाजपा और उसके सहयोगी दलों के विजय रथ को यहां की कुल 80 सीटों में आधे से भी कम पर रोक दिया। क्लीन स्वीप यानि सभी 80 सीटें जीतने का दावा करने वाली भाजपा 33 सीटों पर सिमट गई। इसके चलते ही भाजपा अपने दम पर पूर्ण बहुमत का जादुई आंकड़ा हासिल नहीं कर सकी। ऐसे में सवाल है कि 2014 और 2019 में पीएम मोदी को सत्ता तक पहुंचाने वाले यूपी में बीजेपी इस बार कैसे हार गई।

दरअसल, जिन सांसदों के खिलाफ माहौल होने के आधार पर संगठन की ओर से टिकट बदलने की रिपोर्ट हाईकमान को भेजी गई थी, उनमें अधिकांश सांसदों के बारे में यही कहा जाता रहा है कि चुनाव जीतने के बाद पांच साल तक यह जनता के बीच से गायब रहे। क्षेत्र से इनका जुड़ाव नहीं रहा। अपने पूरे कार्यकाल में जनता के बीच काम न करके ऐसे तमाम सांसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भरोसे बैठे रहे। इसी कारण तमाम सांसदों को जनता ने नकार दिया है।

माना जाता है कि भाजपा के रणनीतिकारों ने सांसदों के खिलाफ स्थानीय स्तर पर जनता के बीच उभरे असंतोष को समझे बगैर मैदान में उतरने की वजह से सात केंद्रीय मंत्रियों समेत कुल 26 मौजूदा सांसदों को सीट गंवानी पड़ी है।

New Delhi

## कैंसर और शुगर की नकली दवाएं बेचने वाला गैंग पकड़ा, भागीरथ प्लेस और दरियागंज में दिल्ली पुलिस का बड़ा ऐक्शन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने कैंसर और शुगर की नकली दवा का कारोबार करने वाले एक विदेशी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में शामिल सीरियाई नागरिक 54 वर्षीय मोनिर अहमद भारत, तुर्की और मिस्त्र में रह रहा था। भारत में उसका साथ देने वाले आरोपियों में 40 वर्षीय नवीन आर्य, 34 वर्षीय सौरभ गर्ग और 27 वर्षीय करण खानेजा शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से कई करोड़ की नकली और भारत में प्रतिबंधित दवाएं बरामद की हैं। क्राइम ब्रांच के डीसीप ने बताया कि साइबर सेल को आरोपियों के बारे में सूचना मिली थी। टीम ने जानकारी जुटाई तो पता चला कि कुछ दवा विक्रेता नकली और प्रतिबंधित दवाएं बेच रहे हैं। आरोपी मरीजों को कैंसर और शुगर की सस्ती दवा होने का झांसा देकर उन्हें सप्लाई कर रहे थे। पुलिस ने भागीरथ प्लेस और दरियागंज स्थित दवा कंपनियों के ठिकानों पर छापेमारी की। यहां स्थित श्री राम इंटरनेशनल ट्रेडर्स के पास छापेमारी में कई अंतरराष्ट्रीय ब्रांड की नकली दवाइयां जब्त की गई। छापे के दौरान पुलिस को वहां विभिन्न आयातित दवाएं मिलीं, जिनकी कीमत लगभग 1.5 करोड़ रुपये थी।

Uttarakhand

## बदरीनाथ हाईवे पर अलग-अलग हादसों में तीन की मौत, चारधाम यात्रियों को लेकर जा रही बस की टक्कर

**चमोली, (एजेंसी) बदरीनाथ हाईवे पर शुक्रवार सुबह दो अलग-अलग हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। बदरीनाथ हाइवे पर एक टैक्सी वाहन दुर्घटनाग्रस्त में दो लोगों की जान चली गई। वहीं चारधाम यात्रियों की बस भी एक वाहन से टकरागई, जिसमें एक की मौत हो गई।**

बदरीनाथ हाइवे पर एक टैक्सी वाहन देवलीबगड़ के पास दुर्घटनागग्रस्त हो गई। एसडीआरएफ ओर डीडीआरएफ मौके पर पहुंची। वहीं दूसरी तरफ देवप्रयाग कोडियाला के पास एक बस और एक मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई है, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है और एक घायल हो गया।

सूचना पर थानाध्यक्ष महिपाल सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा। यहां महादेव चट्टी के पास एनएच 07 (ऋषिकेश- बद्रीनाथ) पर एक बस के नीचे अगली तरफ एक बुलट दबी मिली। मौके पर बुलट सवार दो लोगों में से रिंकू (35) निवासी ब्रह्मपुरी, कोतवाली नगर, हरिद्वार की मौत हो गई। वहीं दिग्विजय सिंह पुत्र रघुनंदन सिंह निवासी उपरोक्त (38) गंभीर रूप से घायल था। पुलिस बल द्वारा तत्काल 108 सेवा के माध्यम से मृतक तथा घायल को एम्स, ऋषिकेश भिजवाया गया। बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित थे जिन्हें टेंपो ट्रैवलर में बैठाकर उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

खेल

# अमेरिका ने सुपरओवर में पाकिस्तान को हराकर किया उलटफेर

**डलास, (एजेंसी)** अमेरिका ने टी20 विश्व कप 2024 का पहला बड़ा उलटफेर कर दिया है। उन्होंने ग्रुप-ए के मैच में 2009 के चैंपियन पाकिस्तान को सुपरओवर में हरा दिया है। यह मुकाबला टेक्सास के डलास के ग्रैंड प्रियरी स्टेडियम में खेला गया। दरअसल, टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 159 रन बनाए थे। कप्तान बाबर आजम ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए थे। जवाब में अमेरिका की टीम भी 20 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 159 रन बना सकी। कप्तान मोनांक पटेल ने सबसे ज्यादा 50 रन बनाए। इसके बाद मैच सुपर ओवर में पहुंचा।

अमेरिका ने सुपरओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 रन बनाए। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम छह गेंद पर 13 रन ही बना सकी। मोनांक को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



पाकिस्तान का यह टी20 विश्व कप 2024 में पहला मैच था और उसी में उन्हें अपने से कहीं कमजोर अमेरिका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ अमेरिका की टीम ग्रुप-ए में दो जीत और चार अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है। वहीं, भारत एक मैच के बाद दो अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। पाकिस्तान का अगला मैच नौ जून को भारत से है। वहीं, अमेरिका की टीम अब 12 जून को भारत से भिड़ेगी।

अमेरिका की जीत में कप्तान मोनांक पटेल और सौरभ नेत्रवालकर का अहम योगदान रहा। मोनांक ने अमेरिका के चेज में 50 रन की पारी खेली। वहीं, सौरभ ने सुपरओवर में गजब की गेंदबाजी की और 19 रन नहीं बनाने दिया। बाएं हाथ के मध्यम तेज गति के गेंदबाज सौरभ का जन्म 1991 में मुंबई में हुआ था। उन्होंने 2008-09 कूच बेहार ट्रॉफी में छह मैचों में 30 विकेट लिए थे। इसके बाद उनका चयन 2010 अंडर-19 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में हुआ था। विश्व कप से ठीक पहले वह दक्षिण अफ्रीका में त्रिकोणीय सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे।

इसके बाद न्यूजीलैंड में हुए 2010 अंडर-19 विश्व कप में सौरभ- केएल राहुल, जयदेव उनादकट और मयंक अग्रवाल के साथ टीम इंडिया का हिस्सा रहे थे। बाकी तीन खिलाड़ियों ने तो सीनियर टीम इंडिया में जगह बना ली, लेकिन सौरभ चूक गए। इसके बाद उन्होने रणजी ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी समेत बाकी भारतीय घरेलू टूर्नामेंट भी खेले। हालांकि, कुछ बेहतर पाने के लिए वह अमेरिका शिफ्ट हो गए और तब से अमेरिका का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वह अमेरिकी टीम के कप्तान भी रह चुके हैं। वहीं, वहीं मोनांक का जन्म 1993 में गुजरात के आनंद में हुआ था। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 2018 में अमेरिका के लिए खेलना शुरू किया और तब से उसी टीम के लिए खेल रहे हैं।

सिनेमा

## क्या है कंगना रनौत का 4 साल पुराना बयान? जिससे भड़की CISF की महिला जवान ने मारा थप्पड़



हिमाचल की मंडी लोकसभा सीट से बीजेपी सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत से चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर बदसलूकी के बाद हंगामा मचा हुआ है. दरअसल, 6 जून को कंगना दिल्ली जाने के लिए चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर पहुंची थीं. तभी सिक्योरिटी चेक के बाद CISF की एक महिला जवान कुलविंदर कौर ने उनको थप्पड़ मार दिया. हालांकि CISF की आरोपी महिला कर्मी को सस्पेंड कर दिया गया है और उनके खिलाफ FIR दर्ज कर ली गई है. ऐसे में सवाल ये उठता है कि CISF की जवान ने थप्पड़ क्यों मारा, तो इसका जवाब है कंगना का 4 साल पुराना एक ट्वीट.

कंगना रनौत ने इस ट्वीट में तीन कृषि कानूनों के खिलाफ हुए किसान आंदोलन के दौरान पंजाब की 80 साल की एक बुजुर्ग महिला किसान की गलत पहचान करते और उन्हें बिलकिस बानो कहा था. कंगना ने जो ट्वीट किया था उसमें एक बुजुर्ग महिला दिखाई दे रही थीं, जो भले ही झुककर चल रही थीं, लेकिन उन्होंने किसान आंदोलन का झंडा बुलंद किए हुए था. उनका नाम मोहिंदर कौर था.




1. Which states have the highest crorepati winning Lok Sabha candidates?
2. Not a day of farewell, it's day to renew pledge: Mamata to Chhetri
3. What is the average cost of a veg and a non-veg thali in India?
4. Maldives President Muizzu invited for PM Modi's oath-taking ceremony: Reports
5. How has BJP responded to Rahul Gandhi's 'biggest stock market scam' claim?

# SEBI issues warning to ICICI bank for trying to influence shareholders to vote for delisting ICICI Securities




**NEW DEIHI, (Agency).** The Securities Exchange Board of India (SEBI) issued an administrative warning to ICICI Bank for trying to influence shareholders to vote in favour of delisting ICICI securities, ANI reported.

The market regulator, in a letter to the bank dated June 6, noted that it received several complaints from shareholders of ICICI Securities (I-Sec) alleging that they had received multiple calls or messages from the Bank officials to vote in favour of the delisting scheme, and also seeking screenshots of the voting.

ICICI Securities secured the votes needed to delist its stock in late March this year.

Bank officials asking for screenshots from the shareholders was inappropriate, SEBI said.

ICICI Bank had said they (I-Sec and the Bank) had undertaken an outreach programme to maximise participation of ICICI Securities shareholders in the voting process and that the brokerage has shared the data of its shareholders with the Bank at SEBI's request.

# GameStop surges as 'Roaring Kitty' posts upcoming livestream

**NEW DEIHI, (Agency).** June 6 - Shares of GameStop surged over 30% on Thursday after the online stock influencer known as "Roaring Kitty" posted on YouTube that he would host a livestream on Friday.

Thursday's surge was the latest in a bout of volatile trading in the struggling videogame seller's shares that kicked off last month



after the influencer, whose real name is Keith Gill, returned to X.com after a three-year hiatus.

The "Roaring Kitty" channel on YouTube on Thursday showed an upcoming livestream schedule for 12 pm ET on Friday.

On Monday, GameStop shares closed over 20% higher after Gill's Reddit profile returned with a post showing a $116 million bet on the stock after a three-year gap. Gill was a key player in the 2021 rally in GameStop and other so-called meme stocks that was fueled by individual investors on Reddit's wallstreetbets forum.

His recent return to social media rekindled rallies in GameStop, as well as other shares popular with individual traders on social media.

AMC Entertainment jumped 11% on Thursday, while headphone maker Koss rallied 8%.

# नशे के खिलाफ अभियान में आमजन का भी मिल रहा सहयोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में नशे का कारोबार करने वालों की धरपकड़ के साथ ही पुलिस नशे के खिलाफ जन जागृति अभियान भी चला रही है। इस दौरान शहर में पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर करीब 200 ड्रग पैडलर्स पर कार्रवाई की है और सैकड़ों लोगों को नशे से दूर रहने की कसम भी खिलाई है। पुलिस के नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को आम जनता का समर्थन भी मिल रहा है।**

डीसीपी झोन 3 ने अपने पूरे क्षेत्र में ड्रग्स पेडलर्स के घर पुलिस टीम पहुंचाई। नशा तस्करों और नशा करने वालों को पुलिस पकड़ कर लेकर आई और नशा नहीं करने की शपथ भी दिलवाई। झोन 3 के डीसीपी पंकज पांडे के निर्देश पर एमजी रोड, कोतवाली, तुकोगंज, संयोगितागंज, पलासिया, छोटी ग्वालटोली, हीरानगर और बाणगंगा थानों की पुलिस ने एक साथ अभियान चलाया। सभी थाना इलाकों से ऐसे लोगों को पकड़ा गया जो नशा करते हैं या बेचते हैं। इन्हें देर रात को थाने में इक_ा किया गया। करीब 100 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई जबकि तीन के खिलाफ एन डी पी एस एक्ट में मुकदमे दर्ज हुए हैं। नशाखोरों को नशे से बचने की शपथ भी इस दौरान दिलाई गई थी। कार्रवाई में झोन के सारे पुलिस अफसर मौजूद थे।

### पितृ पर्वत से एमडी के साथ आरोपी बंदी

ऑपरेशन ईगल क्लॉ के अंतर्गत थाना गाँधी नगर द्वारा मोबाईल लूटपाट करने वाले व नशे के संदेहियो के संबंध में आने जाने वाले संदिग्धों की चैकिंग करते हुए एक व्यक्ति पितृ पर्वत पार्किंग पर संदिग्ध अवस्था में दिखा जो पुलिस को देख तेज गति से भागने का प्रयास करते हुए पकड़ा गया । उसकी तलाशी में एमडी बरामद की गई। आरोपी लखन खटीक के कब्जे से 25 ग्राम एमडी बरामद कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### जहरीली शराब बेचने वाले भी धराए

थाना आजाद नगर क्षेत्रान्तर्गत ऑपरेशन ईगल क्लॉ के तहत कार्यवाही करते हुए 2 विभिन्न मामलों में 2 आरोपियों को जहरीली शराब के साथ पकड़ा गया। आरोपी समीर कौसर युसूफ पठान, नूरी नगर,झोपड़पट्टी से 60 लीटर जहरीली शराब बरामद की गई। थाना सदर बाजार द्वारा विक्रम राठौर निवासी महाराणा प्रताप नगर एवं इमरान निवासी सिकन्दरबाद व थाना गाँधी नगर द्वारा नीतिम उर्फ़ मणि निवासी एमवाय मल्टी, गाँधी नगर व भारत वानखेड़े निवासी नैनोद मल्टी को अवैध मादक पदार्थ का सेवन करते हुए गिरफ्तार किया है।

### नशा मुक्ति अभियान के तहत जनसंवाद

नया सवेरा.एक नई शुरूआत अभियान के तहत अति पुलिस उपायुक्त जोन-1 श्री आलोक शर्मा एवम थाना प्रभारी राऊ राजपालसिंह राठौर द्वारा टीम के साथ थाना क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक भवन ग्राम रंगवासा में नशा उन्मूलन के लिए जनसंवाद किया गया। कार्यक्रम में लगभग 300 पुरुष-महिला एवम बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान पुलिस उपायुक्त ने सभी को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी जाकर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान नया सवेरा एक नई शुरुआत तथा नशा मुक्ति के लिए नशा के खिलाफ जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर 7049108852 के बारे में बताते हुए ग्राम वासियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। जनसंवाद के दौरान नशे संबंधी शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त द्वारा थाना प्रभारी राऊ को निर्देशित किया गया जिस पर तत्काल पुलिस द्वारा एक आरोपी के विरूद्ध 34 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करवाई गई। नशे के विरुद्ध जारी अभियान नया सवेरा एक नई शुरूआत के तहत थाना राजेंद्रनगर क्षेत्र के नशा प्रभावित क्षेत्र मराठी मोहल्ला मै जन संवाद किया गया। जन संवाद कार्यक्रम मै लगभग 150 पुरुष महिला और बच्चे शामिल हुए। सभी ने नशे खिलाफ खुलकर समस्यायें बताई तथा इस अभियान मै नशे की मार से पीड़ित लोगों के परिवार की महिलाओं ने नशे को खत्म करने का प्रण लिया। कार्यक्रम मै रहवासियो को हेल्पलाइन नंबर, थाना प्रभारी राजेंद्रनगर, बीट के सभी अधिकारियो व स्टाफ के संपर्क नंबर प्रदान किये गए।

# तीन लुटेरों से 11 लाख के मोबाइल जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस ने तीन मोबाइल लुटेरों को गिरफ्तार कर उनसे 11 लाख रुपए मूल्य के 37 मोबाइल बरामद किए हैं। आरोपी गर्लफ्रेंड के शौक और अय्याशी के लिए चोरी की गाड़ी पर मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम देते थे। इन्हें रिमांड पर लेकर अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है।**

2 जून विजयनगर क्षेत्र मे वॉव होटल के पास मोटर सायकल पर सवार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा राजकुमार मीणा जो कि फोन पर बात करते हुए पैदल जा रहा था तभी उसके हाथ से लुटेरों ने मोबाईल छीनकर लूट की घटना की। विजयनगर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश के लिये विशेष टीम का गठन किया गया टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगालने और मुखबिरों की सूचना पता चला कि आरोपी रुस्तम का बगीचा पाटनीपुरा तरफ भागे हैं। इसके बाद टीम ने 6 जून को लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी मन्नू उर्फ मनोज वर्मा निवासी रुस्तम का बगीचा, चिनू उर्फ नीरज निवासी रुस्तम का बगीचा,जयंत उर्फ जय खांडेकर निवासी रुस्तम का बगीचा को उस समय पकड़ा जब वे मेघदूत चौपाटी पर चोरी के मोबाईल बेचने की फिराक में घूम रहे थे। उक्त तीनो आरोपियो ने थाना विजयनगर की मोबाईल लूट की घटना करना स्वीकार किया तथा जिनके कब्जे से लूटा गया मोबाईल व जिस वाहन से लूट की घटना कारित की गई वह जूपिटर दो पहिया वाहन भी जप्त किया गया जूपिटर की डिक्की में करीब 17 अन्य मोबाईल भी मिले इसके आलावा अन्य दोनो आरोपियो चिनू उर्फ नीरज व मन्नू उर्फ मनोज से 20 अन्य मोबाईल कुल 37 मोबाईल विभिन्न कंपनियों के बरामद किए गए। इनकी कीमत करीब 11 लाख रुपए बताई गई है। तीनो आरोपी नशे के आदि है तथा प्रतिदिन हजारों रुपये का नशा करने एंव अपनी प्रेमिकाओं के खर्चे उठाने के लिये मोबाईल लूट एंव दो पहिया वाहन चोरी करते थे। आरोपीगणो से घटना में प्रयुक्त वाहन जो जप्त किये है वह भी चोरी के है। आरोपीगणो को रिमांड पर लेकर पूछथाछ की जा रही है। कई और वारदातों का खुलासा होने की उम्मीद है।

# लूट का आरोपी पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मौज मस्ती का झांसा देकर चाकू की नोक पर लूट करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके दूसरे साथी की तलाश की जा रही है। आरोपी इसके पूर्व भी इस तरह की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। आरोपी समलैंगिकों को ही अपना निशाना बनाते थे जिससे पीड़ित पुलिस को रिपोर्ट नहीं लिखाए लेकिन एक फरियादी ने इसकी रिपोर्ट लिखवा दी और मामले का खुलासा हुआ।**

2 जून को फरियादी ने थाना खजराना पर रिपोर्ट लिखवाई थी कि रात्री उसे एक व्यक्ति ने आनलाईन डेटिंग एप के माध्यम् से शहीद पेट्रोल पंप के पास आरआई 2 मार्ग पर बुलाया था । वहां पहुंचने पर दो व्यक्तियों द्वारा चाकू की नोक पर उसके साथ लूट की घटना की गई जिसमें उसके पास से एक सोने की चैन, एक मोबाइ एंव उसके खाते से 74 हजार रूपये ट्रांसफर कर लिये गये हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरु की,सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही मुखबिरों को सक्रिय किया गया। पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि जिस आरोपी ने लूट की घटना की है वो अन्य वारदात करने के लिये पुनः स्टार चौराहे के पास खाली ग्राउण्ड पर आने वाला है । टीम ने घेराबंदी कर तोहिद रजा, शारजहाँ कालोनी खजराना को पकड़ा। पूछताछ करने पर आरोपी पहले तो कुछ नही बोला लेकिन पुलिस द्वारा विस्तृत से पुछताछ करने पर आरोपी ने घटना के सबंध में संपूर्ण जानकारी पुलिस को दे दी। आरोपी से उसके अन्य साथी के सबंध में पूछताछ करते आरोपी ने घटना के वक्त साथी इमदादुल्ला का नाम बताया। जिसकी तलाश हेतु उसके घर पर दबिश दी गई परन्तु इमदादुल्ला घर पर नही मिला। वह कई दिनों से अपने घर नही आया है। जिसकी तलाश के लिये पुलिस टीम द्वारा कई स्थानों पर दबिश दी जा रही है। उसे भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस टीम ने आरोपी तोहिद से वारदात के समय लूटी गई सोने की चैन कींमत लगभग 70 हजार रुपए एवं नगदी 35 हजार रूपये बरामद कर लिये है एंव लूटा गया मोबाईल इमदादुल्ला के पास एवं अन्य पैसे भी उसी के पास होना बताया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक